(A) यथेष्ट + अम्
(B) यथा + इष्टम्
(C) यथा + एष्टम्
(D) यथेष् + टम्

89. 'धीराः' इति पदं कस्मिन् लिङ्गे प्रयुक्तमस्ति ?
(A) पुल्लिङ्गे
(B) स्त्रीलिङ्गे
(C) नपुंसकलिङ्गे
(D) सर्वलिङ्गे

**90.** 'न्याय्यात् पथः प्रविचलन्ति' वाक्यमिदं लोट्लकारे परिवर्तयत—

(A) न्याय्यात् पथः प्रविचलिष्यति
(B) न्याय्यात् पथः प्रविचलेत्
(C) न्याय्यात् पथः प्रविचलन्तु
(D) न्याय्यात् पथः अविचलत्

## खण्ड–IV

## गणित तथा विज्ञान

**91.** गणित की प्रकृति है—

(A) यह तार्किक है
(B) यह कठिन है
(C) यह आलंकारिक है
(D) यह औसत विद्यार्थियों के लिए नहीं है

**92.** अभ्यास शिक्षण निम्न में से सहयोग करता है—

(A) अधिगम स्थानान्तरण में वृद्धि करने
(B) समस्या के हल की समझ बढ़ाने
(C) सैद्धानितक ज्ञान का उपयोग करने की क्षमता का विकास करने
(D) किसी समस्या पर शीघ्र कार्य करने

**93.** क्रियात्मक गणित का महत्व है—

(A) प्रत्यक्ष अनुभव
(B) स्वयं करके सीखना
(C) अवधारणाओं का स्पष्ट एवं स्थायी होना
(D) उपर्युक्त सभी

**94.** गणित की भाषा का अंग है—

(A) संकेत (B) संख्या चर
(C) सूत्र (D) ये सभी

**95.** गणित शिक्षण का किस विषय में महत्व है ?

(A) समुदाय
(B) विज्ञान
(C) सिद्धान्त एवं तर्क
(D) ये सभी

**96.** अंकगणित शिक्षण की उपयुक्त विधि है—

(A) प्रोजेक्ट विधि
(B) प्रदर्शन विधि
(C) विश्लेषण विधि
(D) इनमें से कोई नहीं

**97.** एक अध्यापक कक्षा-शिक्षण में किस उद्देश्य को प्राप्त करता है ?

(A) संज्ञानात्मक (B) भावात्मक
(C) मनोगत्यात्मक (D) ये सभी

**98.** निदानात्मक परीक्षण का महत्व है—

(A) शिक्षण में
(B) परामर्शन और निर्देशन में
(C) उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था में
(D) उपर्युक्त सभी में

**99.** गणित शिक्षण में अध्यापक की मुख्य भूमिका है—

(A) दार्शनिक (B) मित्र
(C) परामर्शक (D) ये सभी

**100.** गणित शिक्षण की उपर्युक्त विधि है—

(A) व्याख्यान विधि
(B) प्रदर्शन विधि
(C) आगमन-निगमन विधि
(D) उपर्युक्त सभी

**101.** यदि $\left(\sqrt{3}\right)^5 \times 9^2 = 3^n \times 3\sqrt{3}$ हो, तो $n$ का मान क्या होगा ?

(A) 3 (B) 2
(C) 5 (D) 6

**102.** $2x + 4y - 8xy - 1 = ?$

(A) $(1 + 4y)(2x - 1)$
(B) $(1 - 4y)(2x - 1)$
(C) $(1 - 4y)(2x + 1)$
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**103.** यदि $3x + 7y = 75$, $5x - 5y = 25$ तब $(x + y)$ का मान क्या होगा ?

(A) 17 (B) 16
(C) 18 (D) 15

**104.** $\sqrt{625} + \sqrt{484}$ का मान क्या होगा ?

(A) 47 (B) 56
(C) 52 (D) 35

**105.** $\sqrt[3]{\sqrt{0.000729}} + \sqrt[3]{0.008}$ का मान होगा—

(A) 0.1 (B) 0.5
(C) 0.06 (D) 0.8

**106.** साधारण ब्याज की किस दर से कोई धन 8 वर्ष में दुगुना हो जायेगा ?

(A) 11.0% (B) 12.5%
(C) 12% (D) 13.5%

**107.** यदि $(a + b) : (b + c) : (c + a) = 6 : 7 : 8$ तथा $a + b + c = 14$ तब $c =$

(A) 6 (B) 7
(C) 8 (D) 14

**108.** नीना और मीना ने क्रमशः ₹ 30,000 तथा ₹ 45,000 के निवेश से व्यापार प्रारम्भ किया। 2 वर्ष बाद ₹ 1,50,000 के लाभ में से मीना का भाग क्या होगा ?

(A) ₹ 30,000 (B) ₹ 45,000
(C) ₹ 75,000 (D) इनमें से कोई नहीं

**109.** $\frac{1}{2}\%$ का दशमलव भिन्न में मान क्या होगा ?

(A) 0.0005 (B) 0.005
(C) 0.05 (D) 0.5

**110.** राजीव की 5 वर्ष पूर्व आयु तथा 9 वर्ष बाद की आयु का गुणनफल 15 है। राजीव की वर्तमान आयु क्या है ?

(A) 6 वर्ष (B) 7 वर्ष
(C) 5 वर्ष (D) 8 वर्ष

**111.** दिये गये चित्र में $\overline{AOB}$ एक सरल रेखा है जिस पर किरण OC आपतित है। यदि $a : b = 2 : 1$ हो, तो $a$ का मान क्या होगा ?




(A) 80º (B) 100º
(C) 120º (D) 140º

**112.** किसी $\Delta ABC$ में $3\angle A = 4\angle B = 6\angle C$ हो, तो $\angle A = ?$

(A) 60º (B) 80º
(C) 30º (D) 40º

**113.** दी गयी आकृति में वृत्त का केन्द्र O है तथा $\angle ACB = 40^\circ$, तो $\angle AOB =$




(A) 30º (B) 40º
(C) 60º (D) 80º

**114.** एक वृत्त की त्रिज्या 3 गुनी करने पर नई परिधि अपनी पूर्व परिधि से कितने गुना होगी ?

(A) 3 (B) $\frac{1}{3}$
(C) 9 (D) इनमें से कोई नहीं

**115.** एक कमरा 12 मीटर लम्बा, 9 मीटर चौड़ा तथा 8 मीटर ऊँचा है। इसमें अधिकतम किस लम्बाई का बाँस रखा जा सकता है ?

(A) 17 मीटर (B) 16 मीटर
(C) 15 मीटर (D) 14 मीटर

**निर्देश (प्रश्न संख्या 116 एवं 117 के लिए)**

विभिन्न नगरों में एक परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों की संख्या (लाखों में) तथा इसमें पास व फेल होने वालों का अनुपात दिया गया है। भली-भाँति अध्ययन कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

| नगर | उम्मीदवारों की संख्या (लाखों में) | पास व फेल होने वालों का अनुपात |
|---|---|---|
| A | 1.25 | 7 : 3 |
| B | 3.14 | 5 : 3 |
| C | 1.08 | 4 : 5 |
| D | 2.27 | 1 : 3 |
| E | 1.85 | 3 : 2 |
| F | 2.73 | 7 : 5 |

**116.** नगर E से परीक्षा में पास होने वाले उम्मीदवारों की संख्या कितनी है ?

(A) 13000 (B) 1110000

(C) 113000 (D) 111000

**117.** परीक्षा में फेल होने वाले छात्रों की सर्वाधिक संख्या किस नगर की है ?

(A) F (B) C

(C) B (D) D

**118.** आयत चित्र प्रदर्शित करता है–

(A) असतत् वर्गीकृत बारम्बारता बंटन

(B) अवर्गीकृत बारम्बारता बंटन

(C) सतत् वर्गीकृत बारम्बारता बंटन

(D) उपर्युक्त सभी

**निर्देश (प्रश्न संख्या 119 एवं 120 के लिए)**

दिये गये चित्र में विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाली लड़कियों का प्रतिशत दिया गया है। सावधानी से पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दो :







**119.** विद्यालय T में लड़कों की संख्या है–

(A) 500 (B) 600

(C) 750 (D) 850

**120.** विद्यालयों P तथा Q में कुल मिलाकर विद्यार्थियों की औसत संख्या है–

(A) 1425 (B) 2750

(C) 1450 (D) 1625

**121.** क्या होता है जब शुष्क बुझे हुए चूने की अभिक्रिया क्लोरीन गैस के साथ करवायी जाती है ?

(A) विरंजक चूर्ण बनता है

(B) बेकिंग सोडा बनता है

(C) धोने का सोडा बनता है

(D) प्लास्टर ऑफ पेरिस बनता है

**122.** जीव विज्ञान के जनक कौन हैं ?

(A) लैमार्क (B) अरस्तू

(C) थियोफ्रेस्टस (D) चार्ल्स डार्विन

**123.** निम्न में से कौन-सी क्रिया कार्यसूचक क्रिया है ?

(A) देखना (B) रेखांकित करना

(C) सुनना (D) जानना

**124.** "हमारी ज्ञान अनुभूतियों की अस्त-व्यस्त विभिन्नता को एक तर्कपूर्ण विचार-प्रणाली निर्मित करने के प्रयास को विज्ञान कहते हैं।"

विज्ञान की उपर्युक्त परिभाषा दी–

(A) डब्ल्यू सी. डेम्पीयर

(B) अल्बर्ट आइन्सटीन

(C) पं. जे. एल. नेहरू

(D) जे. बी. कोनान्ट

**125.** कौन-सी बाल केन्द्रित विधि है ?

(A) प्रोजेक्ट विधि

(B) समस्या-समाधान विधि

(C) प्रयोगशाला विधि

(D) उपर्युक्त सभी

**126.** शिक्षण उद्देश्यों का वर्गीकरण किसने दिया है ?

(A) रॉबर्ट मिलर (B) एन.ई. ग्राउंडलैण्ड

(C) बी. एस. ब्लूम (D) हरबर्ट स्पेन्सर

**127.** शाखीय अभिक्रमित अनुदेशन के जनक हैं–

(A) बी. एफ. स्किनर

(B) नॉर्मन ए. क्राउडर

(C) थॉमस एफ. गिल्बर्ट

(D) थॉर्नडाइक

**128.** निम्न में से कौन-सी क्रिया विज्ञान शिक्षण में पाठ्य-सहगामी है ?

(A) श्यामपट्ट (B) विज्ञान मेला

(C) पाठ्यपुस्तक (D) श्रव्य-दृश्य सामग्री

**129.** निम्न में से कौन-सी श्रव्य सामग्री है ?

(A) ओ. एच. पी.

(B) चित्र विस्तारक यंत्र

(C) ग्रामोफोन

(D) मायादीप

**130.** मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य है–

(A) केवल प्रश्न-पत्र तैयार करवाना

(B) अधिगमकर्ता की उपलब्धि जानना एवं सुधार लाना

(C) अनुशासन बनाये रखना

(D) केवल परीक्षा करवाना

**131.** उपचारात्मक शिक्षण किसका अन्तिम चरण है ?

(A) पृच्छा प्रतिमान

(B) व्याख्यात्मक शिक्षण

(C) निदानात्मक शिक्षण

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**132.** निम्नांकित में से पौधे का कौन-सा भाग अगुणित होता है ?

(A) युग्मक (B) पुष्प

(C) अण्डाशय (D) परागकोष

**133.** निम्नांकित जीवाणुओं में से मानव जाति के लिए लाभकारी है–

(A) स्ट्रेप्टोकोकस (B) साल्मोनेला

(C) पेनीसिलियम (D) ये सभी

**134.** जठर रस में होते हैं–

(A) पेप्सिन, लाइपेज, रेनिन

(B) ट्रिप्सिन, लाइपेज, रेनिन

(C) ट्रिप्सिन, पेप्सिन, रेनिन

(D) पेप्सिन, ट्रिप्सिन, लाइपेज

**135.** निम्नांकित में से पादपों के लिए कौन-सा सूक्ष्ममात्रिक पोषक पदार्थ है ?

(A) सल्फर (गंधक) (B) मैंग्नीज

(C) मैग्नीशियम (D) फॉस्फोरस

**136.** पुरुष में कौन–सी कोशिकाएँ वृष्णीय हॉर्मोन्स (एन्ड्रोजन) का संश्लेषण एवं स्रवण करती हैं ?

(A) सरटोली कोशिकाएँ

(B) म्यूकस कोशिकाएँ

(C) स्पर्मेटोगोनिया

(D) लेडिग कोशिकाएँ

**137.** किसी स्वस्थ मनुष्य के शरीर का लगभग सामान्य ताप है–

(A) 37 डिग्री सेन्टीग्रेड (B) 37 केल्विन

(C) 37 फारेनहाइट (D) 37 रेन्कीन्स

**138.** एक न्यूटन कितने डाइन के तुल्य है ?

(A) $10^4$ (B) $10^{+5}$

(C) $10^3$ (D) $10^6$

**139.** निम्न में से कौन-सी ऊष्मा संचरण की विधि में आवश्यक रूप से माध्यम की आवश्यता नहीं होती है ?

(A) चालन

(B) संवहन

(C) विकिरण

(D) सभी में आवश्यकता नहीं

**140.** वायु में ध्वनि का वेग 332 मीटर प्रति सेकण्ड है। यदि वायु के दाब को दुगुना कर दिया जाये, तो ध्वनि का वेग होगा–

(A) 996 मीटर प्रति सेकण्ड

(B) 664 मीटर प्रति सेकण्ड

(C) 166 मीटर प्रति सेकण्ड

(D) 332 मीटर प्रति सेकण्ड

**141.** पृथ्वी के पृष्ठ से पलायन वेग का मान है–

(A) 11.2 किलोमीटर प्रति सेकण्ड

(B) 11.2 मीटर प्रति सेकण्ड

(C) 11.2 सेन्टीमीटर प्रति सेकण्ड

(D) 11.2 मिलीमीटर प्रति सेकण्ड

**142.** प्राकृतिक रेशे हैं–

(A) कपास (B) ऊन

(C) सिल्क (D) ये सभी

**143.** पोर्टलैण्ड सीमेण्ट में CaO और $SiO_2$ का संघटन प्रतिशत है–

(A) 40-45% और 10-15%

(B) 85-90% और 40-46%

(C) 60-68% और 17-24%

(D) 3-10% और 80-90

**144.** वेब ब्राउजर के उदाहरण हैं–

(i) मोजिला

(ii) ओपेरा

(iii) नेटस्केप नेवीगेटर

(iv) नेटस्केप

(v) इन्टरनेट एक्सप्लोरर

(vi) मोजिला फायरफॉक्स

(A) (i), (v) और (vi)

(B) (ii), (iii) और (iv)

(C) (i), (ii) और (iii)

(D) उपर्युक्त सभी

**145.** क्षुद्रग्रह निम्न की कक्षाओं के बीच में पाए जाते हैं–

(A) शनि एवं बृहस्पति ग्रह

(B) मंगल एवं बृहस्पति ग्रह

(C) पृथ्वी एवं मंगल ग्रह

(D) शनि एवं यूरेनस ग्रह

**146.** निम्न के लिए 'सोनार' तकनीक काम में ली जाती है–

(A) जल में स्थित पिण्डों की दूरी, दिशा एवं चाल नापने के लिए

(B) वायु में स्थित पिण्डों की दूरी, दिशा एवं चाल नापने के लिए

(C) जल में स्थित पिण्डों की दूरी एवं दिशा नापने के लिए

(D) वायु में स्थित पिण्डों की दिशा एवं चाल नापने के लिए

**147.** नीचे दी गई अभिक्रिया के सन्दर्भ में कौन-सा कथन असत्य है ?

$2PbO_{(S)} + C_{(S)} \longrightarrow 2Pb(S) + CO_{2(g)}$

(i) सीसा अपचयित हो रहा है

(ii) कार्बन डाइऑक्साइड उपचयित हो रही है

(iii) कार्बन उपचयति हो रहा है

(iv) लेड ऑक्साइड अपचयित हो रहा है

(A) (i) एवं (ii) (B) (iii) व (iv)

(C) (i), (ii) एवं (iii) (D) ये सभी

**148.** निम्नलिखित रासायनिक अभिक्रिया के उत्पाद लिखिए–

$2FeSO_4 . 7H_2O \xrightarrow{\text{ऊष्मा}} M \xrightarrow{\text{ऊष्मा}} X + Y + Z$

(A) $M = FeSO_4$, $X = FeO$, $Y = SO_2$, $Z = SO_3$

(B) $M = Fe_2(SO_4)_3$, $X = Fe_2O_3$, $Y = SO_2$, $Z = H_2O$

(C) $M = FeSO_4$, $X = Fe_2O_3$, $Y = SO_2$, $Z = SO_3$

**149.** वाष्पीकरण की गुप्त ऊष्मा है–

(A) ताप की वह मात्रा जो 10 ग्राम द्रव को वायुमण्डलीय दाब और द्रव के क्वथनांक पर गैसीय अवस्था में परिवर्तन करने के लिए आवश्यक होती है

(B) ताप की वह मात्रा जो 1 लीटर द्रव को वायुमण्डलीय दाब और द्रव के क्वथनांक पर गैसीय अवस्था में परिवर्तन करने के लिए आवश्यक होती है

(C) ताप की वह मात्रा जो 1 मिली द्रव को वायुमण्डलीय दाब और द्रव के क्वथनांक पर गैसीय अवस्था में परिवर्तन करने के लिए आवश्यक होती है

(D) ताप की वह मात्रा जो 1 किग्रा द्रव को वायुमण्डलीय दाब और द्रव के क्वथनांक पर गैसीय अवस्था में परिवर्तन के लिए आवश्यक होती है

**150.** 8 ग्राम ऑक्सीजन अणु में कणों की संख्या होग–

(A) $15.1 \times 10^{23}$ (B) $1.51 \times 10^{23}$

(C) $15.1 \times 10^{13}$ (D) $1.15 \times 10^{13}$

# व्याख्यात्मक हल

## बाल विकास एवं शिक्षण विधियाँ

**1.** (B) डिस्लेक्सिया एक ऐसा विकार है, जिसमें बच्चों को पढ़ने, लिखने, स्पेलिंग लिखने और बोलने में कठिनाई होती है। इसकी विशेषताएँ हैं –

- वाचन, परिशुद्धता, गति तथा बोध की समस्याएँ
- लिखने की धीमी गति
- छपे हुए शब्दों को सीखने और याद करने की कठिनाइयाँ
- चीजों के अनुक्रम को याद करने में समस्याएँ सीधे या उल्टे हाथ के प्रयोग के सम्बन्ध में निश्चय डिस्लेक्सिया की विशेषता नहीं है।

**2.** (C) सशक्त अभिप्रेरण शीघ्र सीखने का प्रभावशाली घटक है। सशक्त अभिप्रेरणा सकारात्मक दृष्टिकोण, आत्मविश्वास व आत्म सम्मान को बढ़ाती है।

**3.** (A) हस्तशिल्प शिक्षा मंदबुद्धि बालकों को दी जानी चाहिये मन्दबुद्धि बालक ऐसे बालक को कहा जाता है जो बौद्धिक दृष्टि से कमजोर होते हैं तथा इनकी मानसिक क्षमता औसत से कम होती है। ऐसे बच्चे वातावरण से समायोजन करने में कठिनता का अनुभव करते हैं।

**4.** (B) छात्रों में चोरी करने की आदत को उदाहरण देकर दूर किया जा सकता है। छात्रों को अच्छी आदतों सम्बन्धी उदाहरण देने से उन्हें सही आदत का अनुसरण करने हेतु प्रेरित किया जा सकता है।

**5.** (B) आर. डब्ल्यू. टेलर ने प्रतिभाशाली बालकों को परिभाषित करते हुए कहा है "प्रतिभाशाली बालक वह है, जो अपने उत्पादन की मात्रा, दर तथा गुणवत्ता में विशिष्ट होता है। प्रतिभावान बालकों की पहचान करने के लिए वस्तुनिष्ठ परीक्षणों के परिणाम को महत्व देना चाहिए।"

**6.** (D) उदात्तीकरण एक मुख्य मनोरचना है जिसके द्वारा व्यक्ति अपनी अवांछनीय इच्छाओं की संतुष्टि समाज द्वारा स्वीकृत क्रियाओं के माध्यम से करके अपनी निराशा, चिन्ता या द्वन्द का समाधान करता है। यह तनाव को कम करने का अप्रत्यक्ष ढंग है।

**7.** (B) बालकों का मुक्त एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार, 2009 1 अप्रैल, 2010 को देश में लागू हुआ। इनके अन्तर्गत 6-10 वर्ष तक के बालकों को प्रशिक्षित अध्यापकों के द्वारा अनिवार्य एवं नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है।

**8.** (C) NCF 2005 में कला शिक्षा को विद्यालय से जोड़ने का उद्देश्य है –

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मनोरंजन के स्थान पर सौन्दर्य बोध को बढ़ावा देना चाहिए।
- विशाल व विविध कला विरासत के सम्बन्ध में जागरुकता फैलाना।
- छात्रों में रचनात्मक व महत्वपूर्ण चिंतन कौशल विकसित करना।
- सांस्कृतिक विरासत की प्रशंसा करना।
- छात्रों के व्यक्तिगत और मानसिक स्वास्थ्य को विकसित करना।

**9.** (B) एनेस्तेसी के अनुसार ''किसी परीक्षण की विश्वसनीयता का अर्थ, एक ही समूह के व्यक्तियों द्वारा विभिन्न अवसरों पर या समतुल्य पदों के दूसरे परीक्षण पर प्राप्त अंकों में संगति से है। अर्थात् जब बालक की परीक्षा द्वारा मापी हुई योग्यता के सही मूल्यांकन में स्थायित्व होता है, तब उस परीक्षा को विश्वसनीय परीक्षा कहते हैं।

**10.** (B) योगात्मक मूल्यांकन में मापन की भूमिका सब सीखी–हुई कुशलताओं में निष्पादन का एक महत्वपूर्ण अवलोकन देती है। योगात्मक आंकलन को, "सीखने का आंकलन के नाम से भी जाना जाता है। इस मूल्यांकन का प्रयोग सामान्यतः एक छात्र की अन्य छात्रों के समक्ष तुलना करने के लिए किया जाता है।"

**11.** (B) अनुसन्धान जो सामाजिक समस्या से सम्बन्धित होता है तथा विद्यालय की जनशक्ति के द्वारा विद्यालय में क्रियाकलापों में सुधार हेतु संचालित किया जाता है, क्रियात्मक अनुसन्धान कहलाता है।

**12.** (A) सुपर के अनुसार ''एक उपलब्धि परीक्षण यह ज्ञात करने के लिए प्रयोग किया जाता है कि व्यक्ति ने क्या और कितना सीखा है तथा वह कोई कार्य कितनी भली–भाँति कर लेता है।

उपलब्धि परीक्षण दो प्रकार के होते हैं –

(1) मानकीकृत उपलब्धि परीक्षण

(2) गैर मानकीकृत/अध्यापक निर्मित उपलब्धि परीक्षण

**13.** (D) गामक विकास से तात्पर्य माँसपेशियों के विकास से तथा पैरों के उचित उपयोग तथा शक्ति और गतिक विकास से है गामक विकास को दो रूपों में वर्गीकृत किया जा सकता है।

- सकल गामक विकास
- कुशल गामक विकास

**14.** (C) क्रो व क्रो के अनुसार ''बीसवीं शताब्दी को बालक की शताब्दी कहा जाता है।'' बीसवीं शताब्दी को बालक की शताब्दी कहे जाने का कारण यह है कि इस शताब्दी में मनोवैज्ञानिकों ने बालक और उसके विकास की अवस्थाओं के सम्बन्ध में अनेक गम्भीर व विस्तृत अध्ययन किए। इनके फलस्वरूप वे इस निष्कर्ष पर पहुँचने की सब अवस्थाओं में शैशवावस्था सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। इसके अनुसार यह अवस्था ही वह आधार है जिस पर बालक के भावी जीवन का निर्माण किया जा सकता है।

**15.** (B) बाल्यावस्था को मिथ्यापक्वता का समय भी कहा जाता है, क्योंकि इस अवस्था में परिपक्वता के कुछ लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

**16.** (B) उत्पादक कोष दो प्रकार के होते हैं। पितृ उत्पादक कोष तथा मातृ उत्पादक कोष पितृ उत्पादक कोष को शुक्र कण कहते हैं, जबकि मातृ उत्पादक कोष को अण्ड कहते हैं। अण्ड और शुक्र कण दोनों मिलकर एक संयुक्त कोष या युक्ता का निर्माण करते हैं। इस प्रकार यह सयुंक्त कोष दो उत्पादक कोषों का योग होता है तथा इस संयुक्त कोष के विभक्तीकरण तथा गुणीकरण से ही सम्पूर्ण मानव शरीर का निर्माण होता है।

**17.** (C) नैतिकता का होना शैशवावस्था की मुख्य विशेषता नहीं है। शैशवावस्था की मुख्य विशेषताएँ निम्न हैं–

- शारीरिक विकास में तीव्रता
- मानसिक क्रियाओं की तीव्रता
- सीखने की प्रक्रिया में तीव्रता
- दूसरों पर निर्भरता
- आत्म प्रेम की भावना
- नैतिकता का अभाव
- संवेगों का प्रदर्शन आदि
- कल्पना जगत में विचरण
- अतार्किक चिंतन की आयु

**18.** (A) चिन्तन एक ज्ञानात्मक क्रिया है इसमें प्रत्ययात्मक तथा कल्पनात्मक ज्ञान निहित होता है। प्रतीकों का प्रयोग भी इसमें किया जाता है।

**19.** (B) अप्रत्यक्ष पथ समस्याओं का उपयोग प्रौढ़ श्रेणी के प्रयोज्यों के लिए किया जाता है।

**20.** (B) समस्या के अचानक समाधान को वकालत करने वाले सिद्धांत को सूक्ष का सिद्धांत कहा जाता है। वोल्कगैंग कोहलर ने अन्तर्दृष्टि/सूझ के सिद्धांत का प्रस्ताव रखा। यह सिद्धांत अचानक समाधान का समर्थन करता है, क्योंकि अंतर्दृष्टि व्यवहार या अवलोकन पर निर्भर नहीं होती।

**21.** (A) संवेदना ज्ञान की पहली सीढ़ी है– यह कथन मानसिक विकास से सम्बन्धित है। जेम्स के अनुसार "संवेदनाएँ ज्ञान के मार्ग की पहली वस्तुएँ हैं।"

**22.** (C) सीखना मनुष्य के व्यवहार का एक महत्वपूर्ण अंग है। इस प्रक्रिया में सर्वप्रथम तथ्य का निर्धारण होता है और उसके बाद तथ्यों के आधार पर सूचनाओं को एकत्र कर ज्ञान प्राप्त किया जाता है उसके बाद उन ज्ञान का बोध आत्मसात् किया जाता है तथा अन्त में ज्ञान प्राप्ति में विशिष्टता आ जाती है, जिसे प्रज्ञान कहा जाता है। अर्थात अधिगम के सही हैं।

स्तर तथ्य, ज्ञान प्राप्त करना, सूचना बोध, प्रज्ञान

**23.** (A) परिपक्वता इत्यादि से व्यवहार में उत्पन्न परिवर्तन को अधिगम नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि अधिगम उद्देश्य पूर्ण होता है। अधिगम अभ्यास और अनुभव के परिणामस्वरूप व्यवहार ज्ञान और कौशल में होने वाले बदलाव को संदर्भित करता है।

**24.** (C) कैटल ने कारक विश्लेषण नाम की सांख्यिकीय प्रविधि का उपयोग करके व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने वाले 16 मूलभूत कारकों को ज्ञात किया तथा इन्हें व्यक्तित्व शीलगुण के नाम से संबोधित किया।

**25.** (C) विषय आत्मबोधन परीक्षण या प्रासंगिक अंतर्बोध परीक्षण की (Thematic Apperc-eption Test- TAT) रचना वर्ष 1935 में सी.डी. मोर्गन तथा एच. ए. मुर्रे ने की थी। यह परीक्षण किसी व्यक्ति के वास्तविक, भावनात्मक नियंत्रण के लिये उनकी क्षमता को उजागर कर सकता है।

**26.** (A) व्यवहारिक बुद्धि को मूर्त बुद्धि या स्थूल बुद्धि भी कहा जाता है। यह मूर्त वस्तुओं को समझने और बदलाव करके व्यावहारिक स्थितियों को समझने की क्षमता को सन्दर्भित करती है।

**27.** (D) जे.पी. गिलफोर्ड तथा उनके सहयोगियों ने बुद्धि का त्रिआयामी प्रारूप प्रस्तुत किया। उनके अनुसार बुद्धि के कारकों की संख्या 120 होती हैं।

**28.** (B) पर्यावरण में वह वस्तु जिसे कोई जीव प्राप्त करने का प्रयास करता है, प्रेरक कहलाती है।

**29.** (C) वैयक्तिक भिन्नता में विचलनशीलता और प्रतिमानता दोनों पाया जाता है।

**30.** (B) मेरिडिथ के अध्ययन के आधार पर कहा जा सकता है कि सामान्य रूप से उन परिवारों के बालक अधिक स्वस्थ एवं विकसित होते हैं जो सामाजिक स्तर से ऊँचे होते हैं।

## भाषा–I हिंदी

**31.** (A) सस्वर वाचन का अभ्यास कराने के लिए सबसे उपयुक्त साधन सामूहिक वाचन है। यह कक्षा में एक समूह में बच्चों को द्वारा पाठ के वाचन से सम्बंधित है।

**32.** (A) तीसरी कक्षा से मौन वाचन आरम्भ करना चाहिए।

**33.** (C) 'साइलेंट रीडिंग' ब्राइन की रचना है।

**34.** (C) रेडियो की सीमाओं को टेप-रिकॉर्डर दूर कर सकता है।

**35.** (B) लिंग्वाफोन श्रव्य शैक्षिक उपकरण है।

**36.** (A) वह वैध परीक्षण कहलायेगा।

**37.** (A) उपलब्धि परीक्षण निमार्ण में समंकन योजना बनाने का उद्‌देश्य निर्णय सम्बन्धी असंगति को दूर करने में सहायता प्रदान करना है।

**38.** (A) 91-100 अंक प्राप्त करने वाले छात्र को।

**39.** (C) उपचारात्मक शिक्षण का लक्ष्य है—छात्रों का पिछड़ापन दूर करना।

**40.** (A) वर्ष 2010-11 में।

**41.** (B) 'इस पाशविक चक्र से मुक्त कराने' में सार्वनामिक विशेषण है। शब्द 'इस' सार्वनामिक विशेषण है।

**42.** (A) धैर्य शब्द प्रत्यय से निर्मित है। धीर + य = धैर्य।

**43.** (D) शब्द 'सामाजिक' सन्धि का उदाहरण नहीं है।

**44.** (A) हाड़ कंपाने वाली सर्दी का अर्थ है—हड्डी कंपाने वाली सर्दी।

**45.** (C) अहिंसा की भावना, क्योंकि 'की' के पूर्व तथा बाद में संज्ञा शब्द है।

**46.** (D) संघर्ष पुल्लिंग है। न कि स्त्रीलिंग।

**47.** (A) बालक।

**48.** (B) हेतुहेतुमद् भूत। इससे क्रिया के भूतकाल में होने की संभावना होती है, किन्तु उसके न होने का बोध।

**49.** (B) पानी का लिंग व वचन किसी भी स्थिति में नहीं बदलता है।

**50.** (C) बचपन के सिवाय बाकी सभी स्त्रीलिंग हैं।

**51.** (A) उक्त वाक्य इच्छावाचक है।

**52.** (C) मेरा बड़ा भाई उद्देश्य (कर्ता) का विस्तार है।

**53.** (C) मिश्र। अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद नहीं।

**54.** (B) पाखण्डी व्यक्ति के लिए सही मुहावरा है—बगुला भगत।

**55.** (D) जमात में करामात का आशय है—एकता में शक्ति होती है।

**56.** (D) भाषा के चार बिम्ब हैं—श्रव्य, दृश्य, विचार व भाव।

**57.** (C) सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना भाषा सीखने का स्वाभाविक और मनोवैज्ञानिक क्रम है।

**58.** (D) उपर्युक्त सभी

**59.** (D) उपर्युक्त सभी प्रकार से

**60.** (C) रचना शिक्षण के दो रूप होते हैं।

## Language-I (English)

**31.** (A) Listening, Speaking, Reading, Writing is the best sequence for learning.

**32.** (B) A language has to be grammatically correct.

**33.** (C) Flash cards are useful type of Visual aids.

**34.** (D) All of the above.

**35.** (C) Linguaphone.

**36.** (B) Latest scheme of evaluation outlined by the CBSE is Continuous and Comprehensive Evaluation.

**37.** (B) Objective type questions should be asked.

**38.** (B) Unit test is an expression of formative evaluation.

**39.** (D) None of the above.

**40.** (D) All of the above.

**41.** (D) शब्द 'Courageous' (साहसी) brave का सही synonym है।

**42.** (B) दिये गये शब्द 'bright' (उज्जवल) का opposite शब्द dull धुँधला होगा।

**43.** (A) Immediate (तुरन्त, तत्काल) सही spelling है।

**44.** (D) Lifestyle – जीवन शैली, सही है।

**45.** (A) Rural – ग्राम्य, देहाती, दिये गये शब्द समूह 'Countryside of a nation' का सही अर्थ है।

**46.** (A) दोनों ही शब्द 'Children' और 'Entertainer' Nouns संज्ञा हैं।

**47.** (B) दिये गये sentence में enter ($V_1$) simple present tense में है।

**48.** (C) Old, older, oldest, degree of adjective का सही रूप है।

**49.** (D) 'a good thing' – ('a' – determiner + 'good' adjective + 'thing' – Noun)

**50.** (A) that, and का passage में conjunction के रूप में प्रयोग हुआ है।

**51.** (A) How long will you take to finish your work ? वाक्य का सही structure है। [Q. Word + will/shall + S + $V_1$ + obj. ?]

**52.** (B) दिये गये Active Voice का सही Passive Voice है। 'A letter will be written by her' इसका Passive Voice Structure है—Sub + will /shall + be + $V_3$ + (by + Agent) ?

**53.** (A) दिये गये Active Voice का सही Passive Voice है— By whom will you be helped?

**54.** (B) Consonants sounds are 24.

**55.** (A) Phonetic symbols are 44.

**56.** (C) Principle of uprooting from culture is not included under the principles of English teacher.

**57.** (A) The Principle of Selection.

**58.** (B) The unit of teaching in direct method is Sentence.

**59.** (C) Alphabetic method is also known as Spelling method.

**60.** (B) In Deductive method teacher states rules and gives examples.

## भाषा–I संस्कृतम्

**31.** (B) सम्भाषणम्

**32.** (C) गुरुमुखम्

**33.** (A) शुद्ध उच्चारणार्थम्

**34.** (D) दृश्य-श्रव्योपकरणानि

**35.** (D) सर्वाः

**36.** (B) श्यामपट्टः

**37.** (A) खण्डान्वयः

**38.** (C) अ इ उ ऋ

**39.** (B) संगणकार्थम

**40.** (D) महात्मागांधीमहोदयेन

**41.** (A) माता च पिता च

**42.** (D) क्त्वा

**43.** (B) चतुर्थी

**44.** (D) लङ् लकार

**45.** (C) आज्ञाकारी

**46.** (D) सप्तमी–एकवचनम्

**47.** (A) प्रहरी + इव

**48.** (C) तमप्

**49.** (B) आसीत्

**50.** (D) निर्

**51.** (A)

**52.** (C) बालाः दुग्धम् पिबन्ति

**53.** (A) के

**54.** (C) युगे

**55.** (D) कविषु कालिदासः श्रेष्ठः

**56.** (B) वार्तिकानि

**57.** (D) यण् संधिः

**58.** (D) सर्वाणि

**59.** (B) पाठशालापद्धतिः

**60.** (D) सर्वाणि

## भाषा–II हिंदी

**61.** (A) जिस सकर्मक क्रिया का अर्थ स्पष्ट करने के लिए वाक्य में दो कर्म प्रयुक्त होते हैं, वह वाक्य द्विकर्मक कहलाता है।

**62.** (D) घाट–घाट का पानी पीना का अर्थ है—देश–विदेश का व्यापक अनुभव होना।

**63.** (B) उक्त वाक्य एक मिश्र वाक्य है।

**64.** (B) वह पदबंध जो वाक्य में सर्वनाम का कार्य करे, सर्वनाम पदबंध कहलाता है।

**65.** (C) वाक्य में 'साफ–साफ' रीति वाचक क्रिया-विशेषण है।

**66.** (B) निगमन विधि एक अमनोवैज्ञानिक है।

**67.** (C) पाठ पढ़ाने के बाद का मूल्यांकन पाठोपरान्त मूल्यांकन कहा जाता है।

**68.** (C) प्रारम्भिक अवस्था में बालक श्रवण, निरीक्षण, अनुकरण द्वारा सीखता है।

**69.** (A) वाक्य विश्लेषण के शिक्षण हेतु आगमन विधि उपयुक्त विधि है।

**70.** (D) ये सभी

**71.** (A) मौन वाचन से लाभ है—ज्ञान की वृद्धि।

**72.** (C) बालक परिवार में रहकर बोलचाल की भाषा सीखता है।

**73.** (C) एपिडायस्कोप के माध्यम से।

**74.** (B) दृश्य–श्रव्य सामग्री की आवश्यकता व्याख्यान विधि के लिए आवश्यक नहीं है।

**75.** (C) बुलेटिन बोर्ड प्रक्षेपित सामग्री नहीं है।

**76.** (B) उद्देश्य निर्धारण शिक्षण में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

**77.** (C) शैक्षिक मूल्यांकन के आठ उद्देश्य होते हैं।

**78.** (D) उपर्युक्त सभी।

**79.** (B) निदान की परीक्षण विधि दो प्रकार की होती है।

**80.** (A) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में शिक्षार्थियों के सतत् एवं समग्र मूल्यांकन पर प्रभावी बल दिया गया है।

**81.** (A) धुएँ तद्भव शब्द है।

**82.** (B) बीमारियाँ।

**83.** (D) 'निरन्तर काटा जा रहा है' वाक्यांश क्रिया–विशेषण है।

**84.** (A) 'इन कारखानों' में इन शब्द सार्वनामिक विशेषण है

**85.** (B) वनों को भी निरन्तर काटा जा रहा है, अपूर्ण वर्तमान है।

**86.** (B) पश्चाताप और ग्लानि की अभिव्यक्ति हो रही है।

**87.** (D) बस मैंने इसका बाह्य-मात्र ही देखा

**88.** (C) भरत के मन को न समझ पायी। कथन का सही भाव है।

**89.** (B) सरल और सहज भावावेगमयी भाषा के कारण इस काव्यांश का सौन्दर्य है

**90.** (A) इस काव्यांश का मूल विचार है–है पुत्र पुत्र ही, रहे माता कुमाता।

## Language-II (English)

**61.** (D) Diphthongs are combination of two pure vowels.

**62.** (D) Pretty does not have /i:/ sound

**63.** (D) foot /fu:t/ is incorrect transcription.

**64.** (C) There are 9 fricative sounds.

**65.** (A) /θik/ is correct transcription of 'thick'.

**66.** (D) It requires formal instruction.

**67.** (B) Evaluation does not ascertain the administrative standard of the institution.

**68.** (C) Computer Network is not part of the traditional class-room ?

**69.** (C) Harold Palmer does not support Repetition.

**70.** (B) Error correction does not require to embarrass the learner though correction.

**71.** (D) Communication skill

**72.** (C) because it is the language of British rulers.

**73.** (A) This method is audio-lingual method.

**74.** (C) This approach is called immersion approach.

**75.** (A) Natural approach of learning language was developed by Krashen and Terell

**76.** (C) but

**77.** (B) unimpeded activity = बेरोक गतिविधि।

**78.** (C) Author requires friendship of fellow workers.

**79.** (C) There are 4 connectors in sentence 5 If, and, or.

**80.** (C) The narrator wants work to get happiness.

**81.** (A) The said line is an example of alliteration–(अनुप्रास अलंकार)।

**82.** (B) abab is the rhyme scheme in the poem.

**83.** (C) Love's If in represented as though it is a human that has woes.

**84.** (B) The phrase—'rosy lips and Cheeks' the corect example of metaphor.

**85.** (C) 'Friend' is hidden in 'death dateless night'.

**86.** (D) must का प्रयोग सही है। इसका प्रयोग order, command, compulsion अथवा duty बतलाने के लिए किया जाता है।

**87.** (C) with का प्रयोग सही है, क्योंकि angry with somebody और angry at something का प्रयोग उचित है।

**88.** (B) An elegy is a sad poem, usually written to praise and express sorrow for someone who is dead.

**89.** (C) The subject matter of this sonnet is 'love'.

**90.** (B) Drama differs from poetry as it has action.

## भाषा–II संस्कृतम्

**61.** (A) 63 या 64

**62.** (D) अदर्शनं लोपः

**63.** (C) तेन गम्यते

**64.** (B) काञ्चनम्

**65.** (A) सः तण्डुलान् ओदनं पचति

**66.** (A) शिक्ष्

**67.** (A) पञ्च

**68.** (C) उदात्तानुदात्तस्वरिताः

**69.** (B) पतञ्जलिः

**70.** (D) अव्ययीभावः

**71.** (C) लेखनम्

**72.** (A) श् ष् स् ह्

**73.** (C) लिंगपरिमाणवचनमात्रे

**74.** (C) विधिलङ् लकारः

**75.** (C) गेस्टाल्टमनोविज्ञानेन

**76.** (B) द्वौ

**77.** (D) सर्वे

**78.** (D) अत्यधिकं धनार्जनम् कर्तुं क्षमतोत्पादनम्

**79.** (A) वैकल्पिकम्

**80.** (D) सर्वे

**81.** (C) क्तवतु

**82.** (B) तृतीया बहुवचनम्

**83.** (C) नञ् तत्पुरुषः

**84.** (A) सकलो + अपि, (C) सकलः + अपि

**85.** (B) वृद्धि संधिः

**86.** (C) लोट् लकारः

**87.** (A) सम् + आ + विश् + लोट्

**88.** (B) यथा + इष्टम्

**89.** (A) पुल्लिङ्गे

**90.** (C) न्याय्यात् पथः प्रविचलन्तु

## गणित तथा विज्ञान

**91.** (A) गणित की प्रकृति तार्किक होती है।

**92.** (D) अभ्यास शिक्षण किसी समस्या पर शीघ्र कार्य करने (विशेष रूप से गणित की समस्या का) में सहयोग करता है।

**93.** (D) क्रियात्मक गणित का महत्त्व प्रत्यक्ष अनुभव, स्वयं करके सीखना, अवधारणाओं का

**94.** (D) गणित में हम संकेतों, सूत्रों, संख्याओं ओर चरों का प्रयोग करते हैं।

**95.** (D) गणित शिक्षण का समुदाय, विज्ञान, सिद्धांत एवं तर्क सभी में विशेष महत्व है।

**96.** (C) अंकगणित शिक्षण की विश्लेषण विधि सबसे उपयुक्त है।

**97.** (D) एक अध्यापक कक्षा–शिक्षण में संज्ञानात्मक, भावात्मक तथा मनोगत्यात्मक को प्राप्त करता है।

**98.** (D) निदानात्मक परीक्षण का महत्व शिक्षण, परामर्शन तथा निर्देशन और उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था में है।

**99.** (D) गणित शिक्षण में अध्यापक की मुख्य भूमिका दार्शनिक, परामर्शक, मित्र सभी की तरह होनी चाहिए।

**100.** (C) गणित शिक्षण की उपर्युक्त विधि आगमन–निगमन विधि है।

**101.** (C)
$$\left(\sqrt{3}\right)^3 \times 9^2 = 3^n \times 3\sqrt{3}$$
$$\Rightarrow (3)^{5/2} \times (3)^4 = 3^n \times (3)^{3/2}$$
$$(3)^{\frac{5}{2}+4} = (3)^{n+\frac{3}{2}}$$
$$\Rightarrow \frac{13}{2} = n+\frac{3}{2}$$
$$\Rightarrow n = \frac{13}{2}-\frac{3}{2}=5$$

**102.** (B) $2x + 4y - 8xy - 1$
$\Rightarrow 2x - 1 - 8xy + 4y$
$\Rightarrow 1\,(2x - 1) - 4y\,(2x - 1)$
$\Rightarrow (2x - 1)\,(1 - 4y)$

**103.** (A) $3x + 7y = 75$ ...(1)
$5x - 5y = 25$ या $x - y = 5$
$\Rightarrow 2x - 2y = 10$ ...(2)
समी. (1) व (2) को जोड़ने पर,
$5x + 5y = 85$
$\Rightarrow x + y = 17$
अतः विकल्प (A) सही है।

**104.** (A) $\sqrt{625}+\sqrt{484} = 25+22 = 47$

**105.** (B) $\sqrt[3]{\sqrt{0.000729}}+\sqrt[3]{0.008}$

$= \sqrt[3]{0.027}+0.2$

$= 0.3+0.2 = 0.5$

**106.** (B) माना दर = $r$%; ब्याज = 2P – P = P; मूलधन = P

$\therefore$ दर = $\frac{\text{ब्याज} \times 100}{\text{मूलधन} \times \text{समय}}$

$r = \frac{P \times 100}{P \times 8}$

$r = 12.5\%$

**107.** (A) माना $a+b = 6x$ ...(i)

$b+c = 7x$ ...(ii)

और $c+a = 8x$ ...(iii)

समी. को जोड़ेन पर $2(a+b+c) = 21x$

$\therefore$ $21x = 2 \times 14$

$x = \frac{4}{3}$

तब $a+b+c = 14$

$6 \times \frac{4}{3}+c = 14$

$\Rightarrow$ $c = 6$

**108.** (D) निवेश में अनुपात = 30 : 45

= 2 : 3

अतः लाभ में मीना का भाग

$= \frac{3}{2+3} \times 150000$

$= 3 \times 30000$

$= 90000$

**109.** (B) $\frac{1}{2}\% = \frac{1}{2} \times \frac{1}{100}$

$= \frac{1}{200} = 0.005$

**110.** (A) माना राजीव की वर्तमान आयु = $x$ वर्ष

प्रश्नानुसार,

$(x-5)(x+9) = 15$

$\Rightarrow x^2+4x-45 = 15$

$\Rightarrow x^2+4x-60 = 0$

$\Rightarrow (x+10)(x-6) = 0$

$\Rightarrow x = -10$ या 6 वर्ष

**111.** (C) $a : b = 2 : 1$

चित्रानुसार, $a+b = 180^\circ$

(सरल रेखा के कोण युग्म)

$\therefore$ $a = \frac{2}{2+1} \times 180^\circ$

$a = \frac{2}{3} \times 180$

$a = 120^\circ$

**112.** (B) $3\angle A = 4\angle B = 6\angle C$

$\Rightarrow \frac{\angle A}{4} = \frac{\angle B}{3} = \frac{\angle C}{2}$

(12 से भाग देने पर)

$\Rightarrow \angle A : \angle B : \angle C = 4 : 3 : 2$

$\therefore$ $\angle A = \frac{4}{4+3+2} \times 180^\circ$

$= \frac{4}{9} \times 180^\circ = 80^\circ$

**113.** (D) $\because$ केन्द्र पर अन्तरित कोण, शेष परिधि पर बने कोण का दुगना होता है।

$\therefore$ $\angle AOB = 2 \times \angle ACB$

$\angle AOB = 2 \times 40^\circ = 80^\circ$

**114.** (A) वृत्त की परिधि = $2\pi r$

यदि नई त्रिज्या, R = $3r$,

तब वृत्त की नई परिधि = $2\pi R$

$= 2\pi \times 3r$

$= 3 \times 2\pi r$

= 3 × वृत्त की मूल परिधि

अतः विकल्प (A) सही है।

**115.** (A) बाँस की अधिकतम लम्बाई

$= \sqrt{l^2+b^2+h^2}$

$= \sqrt{(12)^2+(9)^2+(8)^2}$

$= \sqrt{144+81+64}$

$= \sqrt{289}$

= 17 मी

**116.** (D) अभीष्ट संख्या $= \frac{3}{3+2} \times 185000$

$= \frac{3}{5} \times 185000$

$= 3 \times 37000$

$= 111000$

**117.** (D)

| नगर | उम्मीदवारों की संख्या | पास उम्मीदवार | फेल उम्मीदवार |
|---|---|---|---|
| A | 125000 | 87500 | 37500 |
| B | 314000 | 196250 | 117750 |
| C | 108000 | 48000 | 60000 |
| D | 227000 | 56750 | 170250 |
| E | 185000 | 111000 | 74000 |
| F | 273000 | 159250 | 113750 |

उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि नगर D से सर्वाधिक उम्मीदवार फेल हैं।

**118.** (C) सतत् वर्गीकृत बारंबारता बंटन

**119.** (C) लड़कों की संख्या

= 1250 का (100 – 40)%

$= 1250 \times \frac{60}{100} = 750$

**120.** (B) औसत $= \frac{2500+3000}{2}$

$= \frac{5500}{2} = 2750$

**121.** (A) बुझे हुए चूने से क्लोरीन गैस की क्रिया कराने से विरंजक चूर्ण बनता है।

$Ca(OH)_2 + Cl_2 \longrightarrow CaOCl_2 + H_2O$

बुझा चूना क्लोरीन विरंजक चूर्ण जल

**122.** (B) अरस्तू को जीव विज्ञान, जन्तु विज्ञान का जनक कहा जाता है। थियोफ्रेस्टस को वनस्पति विज्ञान का जनक कहा जाता है।

**123.** (B) रेखांकित करना कार्यसूचक क्रिया है।

**124.** (B) ''हमारी ज्ञान अनुभूतियों की अस्त व्यस्त भिन्नता को एक तर्कपूर्ण विचार प्रणाली निर्मित करने के प्रयास को विज्ञान कहते हैं।'' यह परिभाषा अल्वर्ट आइनस्टीन ने दी थी।

**125.** (A) प्रोजेक्ट विधि बाल केन्द्रित विधि है। इस विधि का विकास किल पैट्रिक ने किया था।

**126.** (C) शिक्षण उद्देश्यों का वर्गीकरण बी. एस. ब्लूम ने किया था। इसके अनुसार इसके तीन पक्ष हैं—

(i) ज्ञानात्मक पक्ष (ii) भावनात्मक पक्ष (iii) क्रियात्मक पक्ष

**127.** (B) शाखीय अभिक्रमित अनुदेशन के जनक नॉर्मन ए. क्राउडर को माना जाता है। इस विधि को आतंरिक अभिक्रम भी कहा जाता है।

**128.** (B) विज्ञान मेला क्रिया शिक्षण में पाठ्य–सहगामी क्रिया है। विज्ञान मेले में प्रदर्शित कुल मॉडल विज्ञान मेला एक स्पर्धा है, जिसमें प्रतिस्पर्धी अपनी–अपनी विज्ञान परियोजना प्रस्तुत करते हैं।

**129.** (C) प्रश्नगत में ग्रामोफोन में एक श्रृव्य सामग्री है। ऐसी सामग्री जिसके माध्यम से व्यक्ति सुनकर सीखता है, उसे श्रव्य सामग्री कहते हैं। उदाहरण—रेडियो, ऑडियो, टेलीफोन आदि।

**130.** (B) अधिगमकर्ता की उपलब्धि जानना एवं सुधार लाना मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य है।

**131.** (C) उपचारात्मक शिक्षण, निदानात्मक शिक्षण का अंतिम चरण है। शैक्षणिक निदान ही उपचारात्मक शिक्षण का आधार है। छात्रों के सीखने संबंधी कमजोरी या कठिनाइयों का पता लगाना ही शैक्षणिक निदान कहलाता है।

**132.** (A) युग्मक भाग पौधे का अगुणित भाग होता है।

**133.** (A) स्ट्रेप्टोकोकस जीवाणु मानव जाति के लिए लाभकारक है। ज्ञात हो कि दूध में स्ट्रेप्टोकोकस लैक्टिस तथा लैक्टोबैसिलस लैक्टिस दूध में पाये जाने वाले जीवाणु हैं।

**134.** (A) जठर रस में पेप्सिन, लाइपेज़ तथा रेनिन नामक एंजाइम होते हैं। पेप्सिन एंजाइम प्रोटीन के पाचन में, लाइपेज़ एंजाइम वसा के पाचन में तथा रेनिन एंजाइम केसीन के पाचन में सहायक है।

**135.** (B) प्रश्नगत तत्वों में मैंग्नीज पादपों के लिए सूक्ष्म पोषक तत्व है। पादपों के लिए बोरॉन (B), ताँबा (Cu), लोहा (Fe), मैंग्नीज़ (Mn), मॉलिब्डेनम (Mo), जिंक (Zn), निकिल (Ni), तथा क्लोराइड (Cl) सूक्ष्म पोषक तत्व हैं।

**136.** (D) पुरुषों में वृषण की लेडिंग कोशिकाएँ एण्ड्रोजन नामक हार्मोन का संश्लेषण स्राव करती हैं।

**137.** (A) किसी स्वस्थ मानव शरीर का सामान्य ताप 37°C या 98.4°F होता है।

**138.** (B) CGS पद्धति में बल का मात्रक डाइन होता है। 1 न्यूटन = $10^{+5}$ डाइन के तुल्य होता है।

**139.** (C) विकिरण उष्मा संचरण विधि में माध्यम की आवश्यकता नहीं होती है। सूर्य से ऊष्मा पृथ्वी तक विकिरण के रूप में ही आती है।

**140.** (D) 332 मीटर प्रति सेकण्ड ध्वनि का वेग होगा। चूंकि ध्वनि के वेग पर ध्वनि का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**141.** (A) पृथ्वी पर पलायन वेग का मान 11.2 km/s होता है। वह वेग जिससे फेंकने पर कोई वस्तु पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण को पार कर जाए, परंतु लौटकर वापस न आए, पलायन वेग कहलाता है।

$$Ve = \sqrt{2g\ Re}$$

जहाँ Ve = पलायन वेग, g = गुरुत्वीय त्वरण, Re = पृथ्वी की त्रिज्या

**142.** (D) कपास, ऊन, सिल्क सभी रेशे हैं।

**143.** (C) पोर्टलैंड सीमेंट में 60-68% Cao तथा 17-24% $SiO_2$ होता है। सीमेंट का आविष्कार जोसेफ अस्पडीन ने किया था।

**144.** (D) उपर्युक्त सभी वेब ब्राउजर के उदाहरण हैं।

**145.** (B) मंगल एवं बृहस्पति ग्रह की कक्षाओं के बीच क्षुद्रग्रह पाये जाते हैं।

**146.** (A) सोनार (साउंड नेविगेशन तथा रेंजिंग) तकनीक की सहायता से जल में स्थित पिण्डों की दूरी, दिशा एवं चाल मापी जाती है। इस प्रक्रिया में पराश्रव्य तरंगें प्रयुक्त होती हैं।

**147.** (B) प्रश्नगत अभिक्रिया $2PBO(s) + C(s) \rightarrow 2Pb(s) + Co_2(g)$ में प्रश्नगत कथनों में कार्बन उपचायित हो रहा है, और लेड ऑक्साइड अपचयित हो रहा है। क्रमशः कथन III और IV असत्य है।

**148.** (C) $2FeSO_4 .\ 7H_2O \xrightarrow{\text{ऊष्मा}} FeSO_4 \xrightarrow{\text{ऊष्मा}} Fe_2O_3 + SO_2 + SO_3$

(D) $M = Fe_2(SO_4)_3, X = FeO, Y = SO_2, Z = H_2O$

**149.** (D) ताप की वह मात्रा जो 1 किग्रा द्रव को वायुमण्डलीय दाब और द्रव के क्वथनांक पर गैसीय अवस्था में परिवर्तन के लिए आवश्यक होती है।

**150.** (B) $1.51 \times 10^{23}$

अणुओं की संख्या $1.51 \times 10^{23}$ 8 ग्राम ऑक्सीजन के कणों में होगी।

❑❑